देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 13.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बड़कोट तहसील के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। विभिन्न प्रकरणों का आपसी समझौते से निस्तारण किया गया।
- पौड़ी जिले के कल्जीखाल में जलवायु अनुकूल कृषि प्रशिक्षण सम्पन्न। 60 प्रगतिशील महिला किसानों को दिया गया प्रशिक्षण।

------------

## विकास कार्य समीक्षा

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने लम्बित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किए जाने के भी निर्देश दिए।

## आपदा निरीक्षण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आज बड़कोट तहसील के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जंगलचट्टी, बनास, फूलचट्टी और कृष्णाचट्टी में क्षतिग्रस्त यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बनास से लेकर कृष्णाचट्टी तक सड़क मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को मार्ग को युद्ध स्तर पर सुचारू करने के निर्देश दिए। इससे पहले जिलाधिकारी ने हनुमान चट्टी, वाडिया, बनास, राणाचट्टी और स्यानाचट्टी में ग्रामीणों की भी समस्या सुनीं।

उन्होंने कहा कि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के ध्वस्त हिस्से का कार्य अंतिम चरण में है और यमुनोत्री धाम की यात्रा सुचारू कराने के तेजी से प्रयास किए जा रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से प्राप्त अपडेट के आधार पर और मौसम को देखते हुए यात्रा को फिर से शुरू कराने का निर्णय कल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कृष्णाचट्टी तक मार्ग सुचारू हो जाता है, तो यात्रियों को वहां से पैदल और घोड़ा–खच्चर के माध्यम से यमुनोत्री धाम भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## जीएसटी दर

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। आज, हम कर–मुक्त वस्तुओं के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

वहीं, नैनीताल जिले के हल्द्वानी में एक कम्पनी यूनिट के महाप्रबंधक सतीश पाण्डेय ने सरकार के इस फैसले को एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि आटोमोबाइल क्षेत्र में जीएसटी दर में कटौती करने से वाहनों के बीमा और पंजीकरण शुल्क में भी कमी होगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कड़ी में बागेश्वर में जिला एवं बाह्य न्यायालयों में हुई लोक अदालत में 130 से अधिक प्रकरणों का आपसी समझौते से निस्तारण किया गया। इसके अलावा बैंक, वन विभाग और प्री–लिटिगेशन मामलों का भी निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से आमजन को त्वरित न्याय मिलता है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

चम्पावत के जिला न्यायालय परिसर और बाह्य न्यायालय टनकपुर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भवदीप रावते ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों के बाहर विवादों का सुलह–समझौते से निपटारा करना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद और वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवादों

का व्यापक और प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि आज लगी लोक अदालत में 360 वादों का निस्तारण कर चार करोड़ 29 लाख रुपए का समझौता किया गया।

**कृषि प्रशिक्षण**

पौड़ी जिले के कल्जीखाल विकासखंड में दो दिवसीय जलवायु अनुकूल कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने महिला किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, उससे निपटने के उपाय, जैविक खेती, जैविक खाद, कीटनाशक और जलवायु आधारित बीज संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्हें वीडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से एकीकृत कृषि मॉड्यूल, आलू बीज उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट और जीवामृत पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा मशरूम की खेती, पशु बीमा, फसल बीमा, फल बीमा, मल्चिंग के लाभ, सिंचाई के प्रकार जैसे विषयों पर जानकारी भी दी गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष नेगी ने किसानों को पशुओं में होने वाली बीमारियों जैसे खुरपका, लंगड़ी बुखार और पेट के कीड़े के लक्षण व उनके उपचार की जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने प्रशिक्षण ले रहे महिला किसानों को कृषि से हो रहे लाभों की जानकारी दी। उन्होंने 60 प्रगतिशील महिला किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

**ओपन जिम**

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य संवर्धन योजना के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने और उनमें व्यायाम के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में जगह–जगह ओपन जिम की व्यवस्था की जा रही है। इन जिमों में डम्बल, चेस्ट प्रेस, लेगप्रेस, सोल्डर व्हील, सर्फ बोर्ड, ट्रिपल ट्विस्टर आदि उपकरणों का उपयोग कर युवा और खेल प्रेमी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो रहे हैं। चम्पावत जिले के युवा कल्याण अधिकारी जसवंत खड़ायत ने बताया कि इस योजना के तहत जिले के पांच स्थानों में ओपन जिमों का निर्माण कराया जा रहा है, जिनमे से तीन स्थानों में जिम बन गए हैं।